आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–29 अप्रैल 2024 **सान्ध्य समाचार**

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिये प्रदेश की चौदह सीटों पर होने वाले चुनाव की अधिसूचना आज जारी हो गयी है। पहले दिन श्रावस्ती लोकसभा सीट से कुल आठ नामांकन पत्र खरीदे गये। उधर, मछलीशहर लोकसभा सीट से भाजपा नेता और प्रत्याशी बी.पी. सरोज और जौनपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह ने अपना–अपना नामांकन किया।

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि छठे चरण में उत्तर प्रदेश की सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अम्बेडकर नगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संतकबीरनगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर और भदोही लोकसभा सीटों पर चुनाव होगा। इन सीटों पर उम्मीदवार छः मई तक अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे और नामांकन पत्रों की जांच सात मई को होगी। उम्मीदवार नौ मई तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। इन सीटों के लिये मतदान पच्चीस मई को होगा।

****

पांचवें चरण में प्रदेश की चौदह लोकसभा सीटों पर होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर नामांकन की प्रक्रिया जारी है। प्रदेश में आज हाई प्रोफाइल नामांकन का दिन था। बीजेपी के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पार्टी की एक अन्य वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने अपना–अपना नामांकन दाखिल किया। राजनाथ सिंह ने लखनऊ संसदीय क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल किया। वह इस निर्वाचन क्षेत्र से तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं। नामांकन के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उनके साथ थे। नामांकन से पहले राजनाथ सिंह ने लखनऊ में एक मेगा रोड शो किया। बड़ी संख्या में मुसलमानों, विशेषकर महिलाओं ने फूलों की पंखुड़ियाँ बरसाईं और तख्तियाँ लेकर उनका समर्थन किया।

उधर, भाजपा की वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने आज अमेठी से अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता उनके साथ थे। वहीं, हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी अजेन्द्र सिंह राजपूत ने अपना नामांकन दाखिल किया।

****

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रचार अभियान जोर–शोर से विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों में चल रहा है। जहां, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता जनसभा, रोड–शो और जनसम्पर्क अभियान के माध्यम से अपने–अपने प्रत्याशियों को वोट देने की अपील कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज एक वीडियो संदेश के माध्यम से कहा कि कांग्रेस पार्टी का वास्तविक चेहरा देश और दुनिया के सामने आ गया है। सीएए किसी व्यक्ति, किसी जाति या किसी मजहब के खिलाफ नहीं है, मगर कांग्रेस और सपा इस अहम कानून के विरूद्ध दुष्प्रचार कर रहे हैं।

उधर, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एटा में पार्टी प्रत्याशी देवेश शाक्य के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आरक्षण को खत्म करना चाहती है। अगर देश में गठबंधन की सरकार बनेगी तो जाति जनगणना करा कर सबको उनके हिस्से का आरक्षण देंगे। इसी क्रम में बसपा अध्यक्ष मायावती ने बदायूं जिले के इस्लाम नगर में विशाल जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि आज बसपा अकेले दम पर पूरी दमदारी के साथ चुनाव लड़ रही है। भाजपा और सपा सरकारों में मुस्लिम लोगों की हालत दयनीय बनी हुयी है। किसान और जवान के साथ देश की सीमाएं भी सुरक्षित नहीं है।

****

लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये प्रदेश स्तर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जनपद औरैया के ग्राम खलरा में आज मतदाता जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया, जहां जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोगों को शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलायी। उधर, बदायूं के हाफिज सिद्दीकी इस्लामियां इण्टर कॉलेज मैदान में मतदाता जागरूकता को लेकर प्रशासन इलेवन और मीडिया इलेवन के बीच मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया।

****

इलाहाबाद विश्वविद्यालय में आयोजित पुरातन छात्र सम्मेलन क समापन हो गया है। दो दिवसीय सम्मेलन में भारत के सर्वोच्च न्यायालय में कार्यरत न्यायाधीश, उच्च न्यायालयों में पदासीन न्यायाधीश, फिल्म एवं साहित्य जगत के साथ देश–विदेश में नाम कमा रहे पुरा छात्र शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलाधिपति आशीष कुमार सिंह, कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव और यूनिवर्सिटी ऑफ इलाहाबाद एलुमिनाई एसोसिएशन के प्रधान प्रो. हेरम्ब चतुर्वेदी ने दीप जलाकर किया। पुरा छात्र सम्मेलन के पहले दिन शाम में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। जबकि दूसरे दिन मशहूर कवि कुमार विश्वास के साथ कवि संदीप भोला, कविता तिवारी ने श्रोताओं का मनोरंजन किया। कार्यक्रम के दौरान पुरा छात्रा अनामिका श्रीवास्तव के काव्य संग्रह 'शब्दनाद' का लोकार्पण किया गया।

****